**Fourteenth Loksabha**

**Session : 4**
**Date : 09-05-2005**

**Participants : Thummar Shri Virjibhai**

an>

Title: Need for early transmission of F.M. programmes in Amreli Parliamentary Constituency, Gujarat.

**श्री वी.के. ठुम्मर (अमरेली)** : उपाध्यक्ष महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र अमरेली पूरी तरह से खेतीबाड़ी पर आधारित है जहां पर किसानों के लिए मनोरंजन के साधन नहीं हैं और महंगे मनोरंजन साधन खरीदने में वह सक्षम नहीं है। रेडियो एक साधन है जिसे किसान खरीद सकता है और मनोरंजन के साधनों एवं प्रसारणों में आधुनिक तकनीक का प्रयोग हो रहा है जिसमें एफ. एम. एक नया साधन है और इसे सरकार अच्छे ढंग से लागू भी कर रही है और देश में एफ. एम. के प्रसारण स्टेशन की स्थापना भी की जा रही है। इन सब कारणों से अमरेली में एफ. एम. कार्यक्रम का प्रसारण किया जाना अति आवश्यक है क्योंकि लोगों की यहां पर एफ. एम. की काफी मांग है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र अमरेली में एफ. एम. प्रसारण जल्द शुरू किया जाए।